आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 28 लखनऊ, गुरूवार 28 अक्तूबर से 06 नवम्बर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## उत्तर प्रदेश को लेकर नकारात्मक धारणा हमने खत्म की : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल के दौरान राज्य को लेकर लोगों में बनी नकारात्मक धारणा को समाप्त करके उसकी सम्मानजनक पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार द्वारा किए गए चौतरफा विकास कार्यों और अपराध के प्रति जीरो टलरेंस के चलते भाजपा सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता के समर्थन में लहर देख रही है। योगी ने डीडी न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में कहा, "कांग्रेस, सपा और बसपा के राज में उत्तर प्रदेश को लेकर खराब धारणा बनी थी, जिसे हमारी सरकार ने पूरी तरह बदल दिया है। इससे इस राज्य को देश में सम्मानजनक पहचान हासिल करने में मदद मिली है।" अपनी सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "आज प्रदेश में पांच नए एक्सप्रेस–वे बनाए जा रहे हैं और ऐसे ही बाकी मार्गों पर काम हो रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे लगभग बनकर तैयार है और संभवतः अगले महीने प्रधानमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का भी लगभग ८० प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और दिसंबर में इसके पूर्ण हो जाने की संभावना है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां तीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हो रहे हैं और अयोध्या तथा जेवर के हवाई अड्डों पर काम चल रहा है। इसके अलावा सोनभद्र, श्रावस्ती और चित्रकूट समेत ११ हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। योगी ने कोविड–१६ महामारी की दूसरी लहर के दौरान गंगा नदी में



बड़ी संख्या में शव मिलने संबंधी सवाल पर कहा कि "यह तो एक पुराना रिवाज है।' उन्होंने इस मुद्दे पर विपक्ष के हमलों को दरकिनार करते हुए कहा, "२०१२ से २०१४ के बीच मीडिया की कई खबरों में ऐसे रिवाज के बारे में जिक्र किया गया था। इसके अलावा पत्रकारों द्वारा स्थल पर जाकर की गई रिपोर्टिंग से यह जाहिर हुआ कि यह कोई नई बात नहीं है।" योगी ने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार के शासनकाल में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण स्थापित हुआ है। २०१७ में जब उनकी सरकार बनी तो राज्य में पुलिस के लगभग ५० फीसद पद खाली थे जिसे उनकी सरकार ने पारदर्शी तरीके से भरा है। लखीमपुर खीरी में पिछली तीन अक्टूबर को किसान आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में आठ लोगों के मारे जाने के बारे में पूछे जाने पर योगी ने कहा कि उनकी सरकार इस प्रकरण में सुबूत मिलने पर सख्त कार्रवाई करेगी। इस सवाल पर कि अन्य पार्टियों की तरह भाजपा भी क्यों जाति आधारित सम्मेलन आयोजित कर रही है, मुख्यमंत्री ने कहा, "वे जाति आधारित सम्मेलन नहीं हैं बल्कि समाज आधारित हैं और इनके आयोजन का मकसद यह है कि हर जाति और मत के लिए बिना किसी तुष्टीकरण के काम किया जा रहा है।" उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सत्ता विरोधी लहर की अटकलों को खारिज करते हुए योगी ने कहा, "लोग कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए किए गए कार्यों को देख रहे हैं। इसके अलावा राज्य में हो रहा निवेश तथा गिरती बेरोजगारी दर भी लोगों की नजर में है।" उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है यह बोलती नहीं है बल्कि सही समय पर अपना फैसला देती है।

## PM मोदी ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में लिया हिस्सा, इंडो-पैसिफिक मुद्दे पर दिया जोर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ब्रूनेई द्वारा आयोजित १६वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में लिखा कि ब्रुनेई द्वारा आयोजित १६वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। भारत के एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में आसियान केंद्रीयता के सिद्धांत पर फिर से ध्यान केंद्रित करने की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद, नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के साझा मूल्यों के प्रति सम्मान को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कल १८वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। पूर्वी–एशिया शिखर सम्मेलन में १० आसियान देशों के सदस्यों के अलावा भारत, चीन, जापान, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस शामिल ने हिस्सा लिया। आपको बता दें कि डिजिटल माध्यम से होने वाले इस सम्मेलन में आसियान देशों के मुखिया हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन हर साल आयोजित किया जाता है, जो आसियान व भारत को शीर्ष स्तर पर संवाद करने का मौका देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल नवंबर में १७वें आसियान सम्मेलन



में हिस्सा लिया था। इस बार वह नौवें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया था कि आसियान–भारत साझेदारी साझा भौगोलिक, ऐतिहासिक और सभ्यता के मजबूत आधारों पर आधारित है। आसियान समूह शुरू से भारत की एक्ट इस्ट नीति और इंडो–पैसिफिक क्षेत्र को लेकर व्यापक दृष्टिकोण का मूल केंद्र रहा है।

## पेगासस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला, जांच के लिए बनेगी एक्सपर्ट कमेटी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित पेगासस मामले की स्वतंत्र अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना आदेश सुनाया है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस पर केंद्र द्वारा कोई विशेष खंडन नहीं किया गया, इस प्रकार हमारे पास याचिकाकर्ता की दलीलों को प्रथम दृष्टया स्वीकार करने के



अलावा कोई विकल्प नहीं है, हम एक एक्सपर्ट समिति नियुक्त करते हैं जिसका कार्य सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देखा जाएगा। इस मामले की रिपोर्ट ८ हफ्ते में सौपी जाएगी। बता दें कि, तीन सदस्यीय समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आर.वी. रवींद्रन करेंगे। अन्य सदस्य आलोक जोशी और संदीप ओबेरय होंगे।

## यूपी के लिए बीजेपी जितना खर्च करती है उतने की तो हमारी बिरादरी दारू पी जाती है : राजभर

मऊ (उप्र)। अपने भाषणों के दौरान विवादित टिप्पणी करके पहले भी कई बार चर्चा में आ चुके सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर बुधवार को भी ऐसा ही कुछ बोल गए। पार्टी द्वारा अपने १६वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित महापंचायत में सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना के दौरान राजभर ने प्रदेश के खजाने का जिक्र करते हुए कहा, जितना भारतीय जनता पार्टी दो महीने में खर्चा करती है उतना एक महीने में हमारे बिरादर खाली दारू पी जाते हैं। हालांकि, अगले ही पल राजभर ने लोगों से पूछा कि शराब बंद होनी चाहिए कि नहीं। उन्होंने कहा, कितने लोग चाहते हैं कि दारू बंद हो जाए। दोनों हाथ उठाकर बताइए कि दारू बंद करना चाहते हैं.... ठीक रहेगा? इस दौरान मंच पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद थे। इस महापंचायत में सपा और सुभासपा के बीच गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया गया। गौरतलब है कि महापंचायत में कई महिला वक्ताओं ने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में महिलाओं को इसकी वजह से तरह–तरह की यातनाओं का सामना करना पड़ता है।

## रेलवे बोर्ड के नए आदेश से निजी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे पीएसयू

नयी दिल्लीा। रेलवे बोर्ड ने एक आदेश जारी किया है जिससे रेलवे के अधीन उद्यमों समेत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) अब रेल निविदाओं के लिए खुले बाजार में निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। मंगलवार को जारी एक आदेश में, पीएसयू को मिली वह सुरक्षा हटा ली गई है जो २०१६ में बनी नीति के तहत दी गई थी और उसके जरिये उन्हें रेलवे के ठेके मिलते थे।



सूत्रों ने बताया कि रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिए गए निर्णय से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और रेलवे का खर्च कम होगा।

## दिव्यांगों के लिए हवाई यात्रा व हवाई अड्डों के लिए मसौदा दिशानिर्देश जारी

नयी दिल्ली। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को विमानन क्षेत्र के हितधारकों, जैसे एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डों के लिए मसौदा दिशानिर्देश जारी किया ताकि दिव्यांगों के लिए यात्रा सुविधाजनक बनाना सुनिश्चित किया जा सके। अभिनेत्री एवं नृत्यांगना सुधा चंद्रन ने गत सप्ताह सोशल मीडिया पर वीडियो डाल कर यह बताया था कि किसी भी हवाई अड्डे पर उन्हें हर बार सुरक्षा जांच के समय अपना कृत्रिम पैर निकालना पड़ता है। मसौदा दिशानिर्देश के अनुसार, हवाई अड्डे के संचालकों को दिव्यांगों के लिए विशेष प्रबंध करना आवश्यक होगा जिससे कि यह प्रक्रिया यात्री की निजता और सम्मान को ध्यान में रखते हुए पूरी की जा सके।

# सम्पादकीय

## उद्घाटन के साथ बेचने की तैयारी

देश में मोदी सरकार बनने के बाद से लगातार निजी करण पर सवाल उठते रहे हैं. भारतीय रेलवे के प्राइवेट हाथों में जाने की बात हो या फिर देश के बड़े एयरपोर्ट पर अदानी ग्रुप का बैनर लगना. निजीकरण की ऐसी आंधी चली कि उद्घाटन के साथ ही बेचने की तैयारी की जाने लगी. पीएम मोदी के आत्मनिर्भर के नारे के साथ उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हवाई अध्याय का उद्घाटन कर दिया गया. लेकिन यह भारत के स्वर्णिम इतिहास का पहला मौका रहा होगा जब एयरपोर्ट के उद्घाटन के पहले ही उसके बेचे जाने की यानी निजीकरण करने की तैयारी कर ली गई थी. आसान शब्दों में कहें तो आम लोगों के टैक्स के पैसे एक बार फिर से देश के दूसरे नंबर के सबसे बड़े करपोरेट किंग को सौंप दिए गए. अब भले ही कुछ देशभक्त लोगों को यह बात और 'बेचे जाने' का शब्द पसंद ना आए लेकिन सच्चाई से पूरी तरह मुंह तो नहीं मोड़ा जा सकता है. सितंबर महीने में यह खबर देश के लगभग सभी प्रमुख अखबारों में छपी थी कि एयरपोर्ट अथरिटी अफ इंडिया ने देश के ६ प्रमुख हवाई अड्डों को निजीकरण के लिए मंजूरी दे दी है. इन हवाई अड्डों में भुवनेश्वर, वाराणसी, अमृतसर, त्रिची, इंदौर, रायपुर जैसे बड़े हवाई अड्डे शामिल थे. इसके साथ ही सात छोटे हवाई अड्डा को निजी करण के लिए मंजूरी दे दी गई थी जिनमें से एक नाम कुशीनगर का भी था. इसके अलावा गया, कांगड़ा, तिरुपति, जबलपुर और जलगांव जैसे छोटे एयरपोर्ट शामिल थे. अब आप ही समझदार हैं कि सितंबर में निजीकरण का फैसला हो चुका था और प्रधानमंत्री जी ने अब जाकर इसका उद्घाटन किया है. मतलब साफ है कि उद्घाटन के पहले ही निजी करण को लेकर योजना तैयार कर ली गई थी.पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के पहले कई बार लोगों को या कहा था कि वह आम लोगों की पहुंच में हवाई यात्रा लेकर आएंगे. लेकिन पिछले २ सालों से जिस तरह से महंगाई बढ़ी है उसे साफ है कि आम लोगों के लिए अब रेल में यात्रा करना भी मुश्किल हो रहा है. एयर इंडिया के बिकने के साथ ही भारत एक ऐसा देश बन गया है जहां उसकी अपनी कोई एयरलाइंस कंपनी नहीं बची है. दुनिया में कई देश ऐसे उदाहरण है जहां निजी करण होने के बाद लोगों को परेशानियां उठानी पड़ी हैं. इसका सबसे अच्छा उदाहरण ब्रिटेन ही हैं।

## मटियारी स्थित हॉस्टल के कमरे में लटका मिला युवक का शव

लखनऊ। चिनहट के मटियारी स्थित हास्टल में मंगलवार तड़के ऋषभ फ्रांसिस (२३) का शव कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। उसके पैर जमीन से छू रहे थे। ऋषभ के परिवारीजन ने उसके रूम पार्टनर, एक हास्पिटल में काम करने वाली युवती और हास्टल मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ऋषभ मूल रूप से कानपुर के शास्त्रीनगर के रहने वाले थे। यहां करीब डेढ़ माह से रह रहे थें।जानकारी के मुताबिक ऋषभ यहां विभूतीखंड स्थित एक काल सेंटर में नौकरी करते थें। ऋषभ के बड़े भाई विक्की ने बताया कि डेढ़ माह से भाई हास्टल में रह रहा था। कानपुर के ही चमनगंज में रहने वाला उसका साथी सनी न्यूटन साथ में रहता था। रविवार सुबह हास्टल में रहने वाले बच्चों को फोनकर सूचना दी कि ऋषभ ने आत्महत्या कर ली है। पहुंचे तो पता चला कि सोमवार देर रात ऋषभ के पड़ोस में रहने वाले उसके साथी कमरे का दरवाजा खटखटा रहे थे। कोई उत्तर न मिलने पर वह अपने रूम में चले गए। मंगलवार तड़के सनी काम पर लौटा तो वह दरवाजा खटखटाता रहा। कोई उत्तर न मिलने पर पुलिस को सूचना दी।पुलिस पहुंची दरवाजा तोड़ा गया को अंदर दरवाजे के एंगल के सहारे फंदे पर शव लटका मिला। विक्की ने बताया कि एक हास्पिटल में नौकरी करने वाली युवती, रूम पार्टनर सनी और हास्टल मालिक पुनीत राय ने मिलकर हत्या कर दी। विक्की के मुताबिक युवती मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली है। यहां एक हास्पिटल में नौकरी करती है। भाई ने उसकी काफी मदद की अपने वेतन के रुपये भी उसे देता था। भाई ने एक कालेज में दाखिले में फीस भी अपने पास से भी दी थी। लड़की, रूम पार्टनर और हास्टल मालिक ने भाई की हत्या कर दी। वहीं, पुलिस आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्यामणि त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पहले चरण में पांच लाख युवाओं को मिलेगा स्मार्टफोन और टैबलेट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की युवाओं को तकनीकी रूप से अपग्रेड करने की मुहिम परवान चढ़ रही है। पहले चरण में युवाओं को देने के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन के खरीद की प्रक्रिया तेज हुई है। औद्योगिक विकास विभाग की ओर से टैबलेट और स्मार्टफोन की खरीद के लिए एक या दो दिन में टेंडर जारी करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। देश में पहला राज्य यूपी होगा, जो इतने बड़े पैमाने पर टैबलेट और स्मार्टफोन का युवाओं का वितरण करेगा। सीएम योगी ने प्रदेश में एक करोड़ युवाओं को टैबलेट या स्मार्टफोन देने की घोषणा की है। इसके लिए उन्होंने वर्तमान वित्त वर्ष में तीन हजार करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए हैं। सीएम योगी की मंशा के



अनुरूप औद्योगिक विकास विभाग ने टैबलेट और स्मार्टफोन की खरीद के लिए उम्मीद जताई जा रही है कि अगले माह के अंत तक चयनित कंपनियों को परचेज आर्डर दिया जाएगा। इसके बाद जिले स्तर पर लाभार्थियों को वितरण शुरू होगा। जेम पोर्टल पर टेंडर जारी होने के २१ दिन बाद खुलेगा। जेम पोर्टल पर यह अब तक का सबसे बड़ा टेंडर होगा। चयनित कंपनियों को पहले लॉट में कम से कम ढाई लाख टैबलेट की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि स्मार्टफोन के लिए चयनित कंपनियों को पहले लॉट में कम से कम पांच लाख स्मार्टफोन की आपूर्ति करनी होगी। टैबलेट या स्मार्टफोन की कीमत का निर्धारण टेंडर के बाद होगा। इसके लिए विभाग की ओर से नियम और शर्तें टेंडर में दी जाएंगी। उसी के आधार पर टैबलेट या स्मार्टफोन की कीमत तय होगी।

## विधायक को मनाने के लिए दौड़े कप्तान साहब,सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

**विधायक आगे-आगे कप्तान साहब पीछे-पीछे खाकी और खादी के मिलन के लिए लगी लंबी दौड़**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कानपुर में भाजपा विधायक भगवती प्रसाद सागर के पीछे कानपुर आउटर के कप्तान का दौड़ लगाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ था और तभी पड़ोस के कुछ दबंग युवकों ने धारदार हथियार से उसके परिवार पर हमला कर दिया और घर पर लेटे हुए बुजुर्ग को पीट–पीट कर मार डाला।दबंगों



हो रहा है। कानपुर आउटर के चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक दलित युवक की पुलिस के सामने पिटाई से मौत हो गई थी।युवक की पिटाई की रिपोर्ट में धारा हत्या की धारा न लगने से नाराज विधायक को कप्तान साहब समझाने के लिए दौड़ पड़े लेकिन विधायक ने कप्तान साहब एक न सुनी और अपनी जिद पर अड़े रहे।चौबेपुर थाना क्षेत्र के पनऊ पूर्वा गांव में सोमवार की देर रात पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया।पीड़ित अपने घर पर लेटा की दबंगई यही नही रूकी युवक घर की चार दिवारीफांद कर घर पर सो रही महिलाओं पर भी हमला करना शुरू कर दिए।हमले में घर की कई महिलाएं भी घायल हो गईं।पड़ोस के रहने वाले युवक ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित का आरोप है कि हल्का इंचार्ज दारोगा गोपी किशन मौके पर पहुंच कर पूरी घटना देखते रहे और दबंग युवक पुलिस के सामने पीटते रहे, जिससे मेरे पिता की जान चली गई। जब मीडिया ने चौबेपुर पुलिस से मर्डर जैसी घटना की जानकारी करनी चाही तो चौबेपुर पुलिस ने कहा कि उसे मामले की जानकारी ही नहीं है।दबंगों के खौफ से देर रात से सुबह तक घायल घर पर ही कैद रहे।मंगलवार सुबह गांव वाले घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे और इलाज के लिए भर्ती कराया जहां सुबह पीड़ित की मौत हो गई।इस घटना की जानकारी होते ही एसपी आउटर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक भगवती प्रसाद सागर ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से बात की। विधायक से परिजनों ने पुलिस पर हत्या की धारा पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया, जिससे गुस्साए विधायक जी ने एसपी अष्टभुज सिंह से केस में धारा ३०२ बढ़ाने के लिए कहा। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है,जिसमें कप्तान साहब विधायक को समझाने के लिए दौड़ लगाते रहे और विधायक धारा बढ़ाने की जिद पर अड़े रहे।एसपी आउटर ने मामले में आरोपी चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है और विभागीय जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गए। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने इलाज के लिए चोटिल बाइक सवार को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस कार को कब्जे में लेने के साथ नम्बर के आधार पर कार मालिक का पता लगाने में जुटी हुई है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी आलोक राय ने बताया कि




मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को थाना क्षेत्र स्थित पूरन नगर ढाल के पास टक्कर मार दी और कार सवार मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए थे। इलाज के दौरान युवक की लोकबंधु अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान विशाल कुमार बलेचा पुत्र स्व श्याम कुमार बलेचा निवासी न्यू सरदारी खेड़ा थाना कृष्णा नगर के रूप में हुई है। गाड़ी नम्बर के आधार पर गाड़ी मालिक का पता लगाया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक एक निजी प्लाई कम्पनी में सप्लाई का काम करता था मृतक विशाल के अलावा उसकी दो बहनें हैं और दोनों विवाहित हैं।

# भाजपा नेता की हत्या में आरोपित दो बदमाश ढेर

लखनऊ। मड़ियांव इलाके में आइआइएम रोड पर घैला के पास बुधवार रात एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से ताबड़तोड़ कई राउंड गोलियां चलीं। इसमें एक लाख का इनामी बदमाश अलीशेर और उसका साथी कामरान ढेर हो गया। कामरान २५ हजार का इनामी था। दोनों बीते दिनों रांची में भाजपा एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जीतराम मुंडा की हत्या में अलीशेर आरोपित था। रांची पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। एएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि बदमाशों के पास से एक कार्बाइन, दो पिस्टल, एक देसी तमंचा, एक बाइक और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं।अलीशेर ने बीते दिनों रांची में भाजपा के एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर ओरमांझी के पालू चौराहे पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उन्हें छलनी कर दिया था। घायल भाजपा नेता को मेदांता ले जाया गया था। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।



हत्या में अलीशेख का नाम आया था।बताया जा रहा है कि अलीशेख और कामरान दोनों पहले मुख्तार अंसारी के शूटर थे। अब कुख्यात अपराधी अमन के साथ जुड़ गए थे। अमन इन दिनों रांची जेल में बंद है। दोनों अमन गैंग के शार्प शूटर हैं। अमन जेल से ही अपना नेटवर्क चला रहा है। अमन के इशारे पर यह फिरौती, अपहरण की घटनाएं करने के साथ ही भाड़े पर हत्याएं करने लगे। कामरान आजमगढ़ का रहने वाला था।एएसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक सूचना मिली थी कि दोनों पुराने लखनऊ में एक बड़े व्यवसायी की हत्या करने आए थे। व्यवसायी की हत्या की सुपारी ली थी। सूचना मिलते ही आलाधिकारियों के निर्देश पर टीम पहुंची। घैला के पास दोनों की लोकेशन मिली। दोनों को संदिग्ध समझकर रुकने के लिए कहा गया। इस बीच दोनों ने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। घेराबंदी कर दोनों को घेर लिया गया। टीम ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ में अलीशेर और कामरान घायल हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा नेता की आत्महत्या के मामले में पत्नी गिरफ्तार

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के नंदिनी एंक्लेव में भाजपा नेता एवं रिलायंस जियो कंपनी के डीजीएम अभिषेक शुक्ला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी कुमुद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में तीन अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है। ध्यान रहे, मूल रूप से गोरखपुर गोरक्ष कालोनी निवासी अभिषेक शुक्ला ने सोमवार सुबह सुशांत गोल्फ सिटी में नंदिनी एंक्लेव स्थित फ्लैट में खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। फ्लैट के ड्राइंगरूम में उनका कुर्सी पर शव पड़ा मिला था।पत्नी से विवाद चल रहा था। मौके से छह पन्नों का सुसाइड नोट मिला था। जिसमें पत्नी को मौत का जिम्मेदार ठहराया था। पत्नी पर संपत्ति हड़पने की साजिश करने समेत तमाम आरोप लगाए थे। देर



रात पुलिस ने अभिषेक के पिता रामजी शुक्ला की तहरीर पर पत्नी समेत चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी विजयेंद्र कुमार के मुताबिक अभिषेक की पत्नी कुमुद को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, मामले में अन्य आरोपित कुमुद की बहन के बेटे अपूर्व उर्फ शुभम, बेटी कशिश और शुभम के दोस्त सुगंध की तलाश में दबिश दी जा रही है।इंस्पेक्टर ने बताया कि अभिषेक के कक्ष से बरामद सुसाइडनोट को जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैब में हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेजा गया है। वहीं, मोबाइल, पिस्टल और अन्य दस्तावेजों को भी जांच के लिए भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई तथ्यों और साक्ष्यों के अनुसार की जाएगी।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रसोइयों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। आलमबाग स्थित इको गार्डन में बुधवार को सैकड़ों की संख्या में एकत्र होकर रसोइयों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रसोईयां कल्याणकारी समिति बैनर तले धरना प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व कर रहे रसोईयां कल्याणकारी समिति के अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मध्याहन भोजन में कार्यरत रसोइयों को १५०० रूपए मानदेय दिया जा रहा है। वर्तमान में महंगाई को देखते हुए अन्य प्रदेशों हरियाणा, कनार्टक,



चण्डीगढ़,केरल, लक्षद्वीप, पाण्डिचेरी समेत कई प्रदेशों में रसोइयों का मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। उसी तर्ज पर मानदेय बढ़ौतरी सहित दस माह का वेतन न देकर ग्यारह महीने का वेतन दिए जाने व मानदेय का भुगतान बैंक खाते में किए जाने सहित मध्याहन भोजन के सफल संचालन के पश्चात रसोइयों को विद्यालय में न रोकें जाने और रसोइयों को आंगनबाड़ी और आशा की तरह हर वर्ष दो सेट ड्रेस दिए जाने की मांग शामिल हैं।

# यौन शोषण में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने एक युवती से शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज पुलिस शांति व्यवस्था हेतु थाना क्षेत्र के अंतर्गत मौजूद थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बलात्कार के मामले में फरार चल रहा है आरोपी मोहनलालगंज के मौरावां रोड पर मौजूद है सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिर के बताए हुए स्थान पर जा पहुंची जहां पर संदिग्ध




युवक पुलिस को दिखाई पड़ा जो पुलिस को देख कर वह भागने का प्रयास करने लगा समय रहते ही पुलिस ने दौड़ा का उसे मौके पर ही दबोच लिया नाम पता पूछने पर विनोद कुमार यादव निवासी हीरा खेड़ा मजरा मुसंडी थाना मौरावां बताया इनके विरुद्ध मोहनलालगंज कोतवाली में पीड़िता के परिजनों ने मुकदमा पंजींत कराया था तभी से पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी जिसको आज बुधवार को मोरावा मोड़ से गिरफ्तार किया गया पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मोहनलालगंज कोतवाली लेकर आई आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया

# न्यायिक रिमांड के लिए अतुल राय को नैनी जेल से किया गया तलब

लखनऊ। दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती व उसके गवाह की आत्मदाह से हुई मौत के मामले में अदालत ने अभियुक्त अतुल राय को नैनी जेल से तलब किया है। अदालत ने अतुल राय को न्यायिक रिमांड के लिए जरिए वीडियो कान्फ्रेसिंग २६ अक्टूबर को तलब करने का आदेश दिया है। घोसी से बसपा सांसद अतुल राय एक अन्य आपराधिक मामले में प्रयागराज की नैनी जेल में न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं। सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने यह आदेश अभियुक्त अतुल राय की ओर से दाखिल अर्जी पर दिया है।अदालत के समक्ष अभियुक्त अतुल राय की ओर से कहा गया कि वह घोसी से सांसद है। बीमार रहता है। उसकी विधायक मुख्तार अंसारी से रंजिश चली आ रही है। उसे भय है कि उनकी हत्या करा सकता है। लिहाजा बीमारी व सुरक्षा के मद्देनजर उसका न्यायिक रिमांड वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कराया जाए। इससे पहले इस मामले की विवेचक व एसीपी श्वेता श्रीवास्तव ने एक अर्जी दाखिल की थी। जिसमें अभियुक्त अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को इस मामले में न्यायिक रिमांड के लिए जरिए वारंट बी तलब करने की मांग की गई थी।२७ अगस्त, २०२१ को इस मामले की



एफआइआर वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने थाना हजरतगंज में आईपीसी की धारा १२०बी, १६७, १६५ए, २१८, ३०६, ५०४ व ५०६ के तहत दर्ज कराई थी। जिसमें अतुल राय के साथ ही पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अमिताभ ठाकुर को नामजद किया गया था। अमिताभ को उसी रोज गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। अमिताभ के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है। सत्र अदालत से उनकी जमानत अर्जी भी खारिज हो चुकी है।

# छिनैती करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार भेजा जेल

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने राहगीरों व महिलाओं से पर्स व मोबाइल छिनैती करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को दो युवतियों से तीन लुटेरे युवतियों के पर्स छीन कर फरार हो गए थे पुलिस व ग्रामीणों ने उनका पीछा करते हुए प्रदीप रावत निवासी ग्राम छोटी घुसवल थाना सुशांत गोल्फ सिटी मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था उनके साथी कल्लू व संदीप मौके से जंगल के रास्ते से भागने में सफल हो गए थे जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है आरोपी प्रदीप रावत को गिरफ्तार कर लिया गया था जिनको आज बुधवार को पुलिस द्वारा जेल भेजा गया आरोपी के कब्जे से दो लेडिस पर्स एक मोबाइल फोन एक मोटरसाइकिल व पेनकार्ड दो आधार कार्ड एक एटीएम कार्ड ६२० रूपए नगद पुलिस ने किया बरामद प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कड़ाई से पूछने पर अभियुक्त के द्वारा अपने साथियों सहित थाना मोहनलालगंज के रानी खेड़ा गांव के पास बाइक सवार महिला का पर्स छीना था व थाना सुशांत गोल्फ सिटी के पास से एक युवक से मोटरसाइकिल लूट लेने की बात भी बताई और यह भी बताया लूटी गई मोटर साइकिल अभियुक्तों द्वारा बिहार में बेच दिया गया है

# निवेश का झांसा देकर पांच लाख ठगे

लखनऊ। इंदिरानगर बी ब्लाक निवासी लवीना साहू को शेयर मार्केट में निवेश और मोटे मुनाफे का झांसा देकर जालसाजों ने पांच लाख रुपये ठग लिए। लवीना ने जालसाज भारत मोदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विभूतिखंड इंस्पेक्टर के मुताबिक लवीना ने बताया कि बीते साल उनकी मुलाकात भारत मोदी से हुई थी। भारत ने बताया था कि वह फाइनेंशियल एडवाइजर हैं। शेयर मार्केट में निवेश के लिए कहा। इस पर पांच लाख रुपये उन्हें दिए। रुपये लेने के बाद एक भी रुपया मुनाफे का भारत ने नहीं दिया। जब मूलधन की मांग की तो देने से मना कर दिया और धमकी दी।

# ४ नफर शातिर चोर स्कूटी व साईकिल संग गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी आलोक राय ने गिरफ्त में आये चोरो की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को वाहन चोरी कर विक्री करने वाले चार शातिर चोर भानु सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी गोविंद गली नट खेड़ा थाना कृष्णा नगर, दीपक कुमार पुत्र स्व अमित कुमार निवासी सब्जी मंडी चंदन नगर आलमबाग ,साहिल सोनकर पुत्र नरेश निवासी पुरानी कांशी राम कलोनी पारा व वसीम पुत्र नवी अहमद आजाद नगर थाना कृष्णा नगर लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है।शातिरों के पास से चोरी की एक स्कूटी व एक साईकिल वरामद हुआ है। चोरो को जेल भेज दिया गया है।

# वसूली के आरोपों में घिरे मुंबई के पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को बड़ा झटका

महाराष्ट्र। एंटीलिया कांड और वसूली के आरोपों में घिरे मुंबई के पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को बड़ा झटका लगा है. महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें भगौड़ा मानते हुए उनकी सैलरी पर रोक लगा दी है. बता दें कि एंटीलिया कांड में आरोप लगने के बाद परमबीर सिंह छुट्टी के नाम पर मुंबई से बाहर गए थे, लेकिन अब लापता हैं. परमबीर सिंह पर मुंबई और ठाणे में कई एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस ने परमबीर सिंह को समन कि पर कोई जवाब नहीं मिला. ऐसे में अब राज्य सरकार परमबीर को भगौड़ा मान रही है. राज्य सरकार उनके निलंबन के संबंध में कार्रवाई का मन भी बना रही है. एंटीलिया और मनसुख हिरेन हत्या मामले की जांच कर रही एनआईए ने मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह को पूछताछ के लिए कई बार समन भेजा है, लेकिन उन्हें अबतक समन डिलीवर नहीं हुआ है. एनआईए और महाराष्ट्र राज्य की जांच एजेंसियों को शक है कि गिरफ्तारी के डर से परमबीर सिंह देश छोड़कर चले गए हैं. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



उद्धव ठाकरे ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह पर निशाना साधा. उन्होंने बीते शनिवार को कहा कि राज्य में एक ऐसा मामला है, जहां शिकायतकर्ता लापता हो गया है. उन्होंने बम्बई हाई कोर्ट की औरंगाबाद पीठ में एनेक्सी बिल्डिंग की दो विंग के उद्घाटन के मौके पर यह बयान दिय. इस अवसर पर भारत के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और अन्य उपस्थित थे. ठाकरे ने कहा, ''न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने (कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान) बताया कि महाराष्ट्र में १९५८ से एक मामला लंबित है क्योंकि आरोपी फरार है. लेकिन आज हमारे पास एक ऐसा मामला है, जहां शिकायतकर्ता लापता है.'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की, लेकिन अब गायब हैं. हमें नहीं पता कि वह कहां हैं. इस पर भी गौर करने की जरूरत है.'' हालांकि, मुख्यमंत्री ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणी स्पष्ट रूप से वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर लक्षित थी, जिन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे.।

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तारीफ करने वाले कश्मीर के छात्रों को कॉलेज से निलंबित किया गया

आगरा। भारत और पाकिस्तान के बीच दो दिन पहले हुए क्रिकेट मैच में पाकिस्तान की जीत पर कथित तौर पर खुशी जाहिर करते हुए व्हाट्सएप स्टेटस पोस्ट करने के लिए कश्मीर के तीन इंजीनियरिंग छात्रों को यहां एक कलेज से निलंबित कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा इकाई के स्थानीय नेताओं ने भी उक्त छात्रों के विरुद्ध जगदीशपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उक्त छात्र राजा बलवंत सिंह इंजीनियरिंग तकनीकी कैम्पस में पढ़ते हैं। एसपी सिटी आगरा विकास कुमार ने कहा कि पुलिस को इसके बारे में शिकायत मिली है और इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को छात्रों को निलंबित कर दिया।

## विधायक को मनाने के लिए दौड़े कप्तान साहब,सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कानपुर में भाजपा विधायक भगवती प्रसाद सागर के पीछे कानपुर आउटर के कप्तान का दौड़ लगाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। कानपुर आउटर के चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक दलित युवक की पुलिस के सामने पिटाई से मौत हो गई थी ।युवक की पिटाई की रिपोर्ट में धारा हत्या की धारा न लगने से नाराज विधायक को कप्तान साहब समझाने के लिए दौड़ पड़े लेकिन विधायक ने कप्तान साहब एक न सुनी और अपनी जिद पर अड़े रहे ।चौबेपुर थाना क्षेत्र के पनऊ पूर्वा गांव में सोमवार की देर रात पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया ।पीड़ित अपने घर पर लेटा हुआ था और तभी पड़ोस के कुछ दबंग युवकों ने धारदार हथियार से उसके परिवार पर हमला कर दिया और घर पर लेटे हुए बुजुर्ग को पीट–पीट कर मार डाला ।दबंगों की दबंगई यही नही रुकी युवक घर की चार दिवारीफांद कर घर पर सो रही महिलाओं पर भी हमला करना शुरू कर दिए ।हमले में घर की कई महिलाएं भी घायल हो गईं।पड़ोस के रहने वाले युवक ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित का आरोप है कि हल्का इंचार्ज दारोगा गोपी किशन मौके पर पहुंच कर पूरी घटना देखते रहे और दबंग युवक पुलिस के सामने पीटते रहे, जिससे मेरे पिता की जान चली गई। जब मीडिया ने चौबेपुर पुलिस से मर्डर जैसी घटना की जानकारी करनी चाही तो चौबेपुर पुलिस ने कहा कि उसे मामले की जानकारी ही नहीं है ।दबंगों के खौफ से देर रात से सुबह तक घायल घर पर ही कैद रहे। मंगलवार सुबह गांव वाले घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे और इलाज के लिए भर्ती कराया जहां सुबह पीड़ित की मौत हो गई ।इस घटना की जानकारी होते ही एसपी आउटर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



क्षेत्रीय विधायक भगवती प्रसाद सागर ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से बात की। विधायक से परिजनों ने पुलिस पर हत्या की धारा पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया, जिससे गुस्साए विधायक जी ने एसपी अष्टभुज सिंह से केस में धारा ३०२ बढ़ाने के लिए कहा ।सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है,जिसमें कप्तान साहब विधायक को समझाने के लिए दौड़ लगाते रहे और विधायक धारा बढ़ाने की जिद पर अड़े रहे ।एसपी आउटर ने मामले में आरोपी चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है और विभागीय जांच शुरू कर दी है।

# अद्भुत संरचना : स्टोनहेंज के अद्भुत पत्थरों को देखने के लिए आते हैं पर्यटक

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दुनिया बहुत अचरजों से भरी है. दुनिया भर में ऐसी कई महान कलाकृतियां हैं, जो अपने विचित्र कारणों की वजह से हमेशा चर्चा में रहती हैं. इन्हें देखने के बाद मस्तिष्क में कई तरह के प्रश्न उठते हैं कि आखिर इनका निर्माण कैसे किया गया होगा? उस दौरान जब किसी प्रकार की उत्तम तकनीक का विकास नहीं हुआ था, तो भारी भरकम पत्थरों की मदद से इन्हें कैसे बनाया गया? आज हम जानकरी शेयर करने वाले हैं स्टोनहेंज के बारे में, ये जगह इंग्लैंड में स्थित है. ये स्थान इंग्लैंड का सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है. कई देशों से पर्यटक स्टोनहेंज के अद्भुत पत्थरों को देखने के लिए आते हैं. स्टोनहेंज के इन चट्टानों के पीछे एक रहस्यमयी इतिहास छिपा हुआ है, जिसे लेकर कई तरह के दावे किए जाते हैं. आज के रहस्य की इस श्रृंखला में हम इंग्लैंड में स्थित स्टोनहेंज के इन पत्थरों के बारे में जानेंगे, जिनका संबंध एलियंस के साथ जोड़कर बतायाजाता है. यह स्थान यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में सम्मिलित है. स्टोनहेंज की इन चट्टानों को मेगालिथ के नाम से भी जाना जाता है. कई लोगों का कहना है कि इसका निर्माण प्रागैतिहासिक काल में हुआ था. वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इन रहस्यमयी चट्टानों के इतिहास को कांस्य युग से भी जोड़ कर देखते हैं. स्टोनहेंज की विशालकाय चट्टानों की ऊंचाई करीब २३ फीट तक है. इन चट्टानों को ऊंचा खड़ा करके एक गोलाकार आकार में बनाया गया है. वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका निर्माण करीब ३००० से २००० ईसा पूर्व के बीच किया गया होगा. ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि जब उस दौरान किसी प्रकार की वैज्ञानिक प्रगति नहीं हुई थी,तो इन विशालकाय चट्टानों को एक जगह से दूसरी जगहों ले जाकर कैसे इन्हें बनाया गया होगा? इन विशालकाय चट्टानों में कुछ चट्टानों का वजन करीब ५० टन तक है. इन पत्थरों को बनाने में ब्लू स्टोन्स का इस्तेमाल किया गया था. स्टोनहेंज के पत्थरों के अंदर हीलिंग प्रॅापर्टीज भी पाई जाती हैं. मान्यता है कि एक समय ये स्थान हीलिंग प्लेस हुआ करता था. जहां पर बीमार लोग आया करते थे और इन पत्थरों को छूने से वो लोग स्वस्थ हो जाते थे. कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हें इंसानों ने नहीं बल्कि एलियंस ने बनाया था. उनके मुताबिक जिस तरह से पत्थरों को एक सुनियोजित ढंग से लगाया गया है, उनके पीछे काफी गणित छुपा हुआ है. ये काम उस समय के लोगों के लिए करना नामुमकिन था. अगर स्टोनहेंज के इन पत्थरों को ऊपर से देखा जाए तो ये बिल्कुल हमारे सोलर सिस्टम की तरह दिखते हैं. स्टोनहेंज के इन पत्थरों के कई राज दफन हैं, जिनका रहस्य अब तक उजागर नहीं हो पाया है।
















# देश में पिछले 24 घंटे में कोविड–19 के 13,451 नए मामले


नयी दिल्ली। देश में पिछले २४ घंटे में कोविड–१६ के १३,४५१ नए मामले सामने आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर ३,४२,१५,६५३ हो गई। वहीं, इलाज करा रहे मरीजों की संख्या घटकर १,६२,६६१ हो गई है, जो कि पिछले २४२ दिनों में सबसे कम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से ५८५ और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर ४,५५,६५३ हो गई। देश में लगातार पिछले ३३ दिन से कोविड–१६ के दैनिक मामले ३०,००० से कम आ रहे हैं और पिछले १२२ दिन से दैनिक मामले ५०,००० से कम हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कोविड–१६ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का ०.४८ प्रतिशत है, जो मार्च, २०२० के बाद से सबसे कम है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर मरीजों के स्वस्थ होने की दर ६८.१६ फीसदी है, जो मार्च २०२० से सबसे ज्यादा है। पिछले २४ घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में १,१५५ मामलों की कमी हुई। दैनिक संक्रमण दर १.०३ फीसदी दर्ज की गई। पिछले २३ दिनों से यह दो फीसदी से कम है। साप्ताहिक संक्रमण दर १.२२ फीसदी दर्ज की गई। यह भी पिछले ३३ दिनों से दो फीसदी से कम है। वहीं संक्रमण के बाद स्वस्थ हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर



३,३५,६७,३३६ हो गई है, जबकि मृत्यु दर १.३३ फीसदी दर्ज की गई। देश में अब तक टीके की १०३.५३ करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त को ३० लाख और पांच सितंबर को ४० लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर को ५० लाख, २८ सितंबर को ६० लाख, ११ अक्टूबर को ७० लाख, २६ अक्टूबर को ८० लाख और २० नवंबर को ६० लाख के पार चले गए थे देश में १६ दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, इस साल चार मई को दो करोड़ के पार और २३ जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे। देश में पिछले २४ घंटे में संक्रमण से ५८५ लोगों की मौत हुई, जिनमें से ४८२ मरीजों की मौत केरल और ३२ मरीजों की मौत महाराष्ट्र में हुई। देश में अब तक कुल ४,५५,६५३ मरीजों की मौत हुई है, जिनमें से १,४०,०६० लोगों की मौत महाराष्ट्र में, ३८,०२४ लोगों की मौत कर्नाटक में, ३६,०४८ लोगों की मौत तमिलनाडु में, २६,३५५ लोगों की मौत केरल में, २५,०६१ लोगों की मौत दिल्ली में, २२,८६६ लोगों की मौत उत्तर प्रदेश में और १६,०८१ लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई। मृतकों में से ७० फीसदी मरीज अन्य गंभीर बीमारियों से भी ग्रस्त थे। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया, “हमारे आंकड़ों का मिलान भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के आंकड़ों से किया जा रहा है।

# महाराष्ट्र में कोविड-१९ के १२०१ नये मामले, ३२ मरीजों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के १२०१ नये मामले सामने आए, जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर ६६,०५,०५१ हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, कल कोविड–१६ के ८८६ मामले सामने आए थे, जो गत वर्ष पांच मई के बाद सबसे कम आंकड़ा था। कोरोना से मरने वालों की संख्या कल की तुलना में आज २० बढ़ गई, इस प्रकार आज का मौत का आंकड़ा ३२ पर पहुंच गया, जबकि कल यह महज १२ था, जो पिछले १८ माह बाद एक दिन में सबसे कम मौतें थीं। अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र में कोविड–१६ से मौत का आंकड़ा अब १,४०,०६० हो गया है। हालांकि पिछले २४ घंटों के दौरान महाराष्ट्र के अस्पतालों से ठीक होकर १३७० मरीज निकले और इस प्रकार कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर ६४,३८,३६५ हो गयी है। महाराष्ट्र में कोरोना महामारी से उबरने की दर ६७.४८ प्रतिशत हो गई है, जबकि मृत्यु दर २.१२



प्रतिशत है। अधिकारी ने बताया कि १,०२,०४८ नयी जांच के साथ महाराष्ट्र में अब तक कोविड नमूनों की जांच का आंकड़ा ६,२०,८०,२०३ पर पहुंच गया है। मंगलवार को महाराष्ट्र के १५ जिलों और १० नगर निगमों से संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया। कई जिलों और नगर निगमों में नये मामले एकल अंक में रहे।

# अल्लू मियां को लखनऊ पुलिस ने धोखाबाजी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया

लखनऊ। अमेठी से ताल्लुक रखने वाले अल्लू मियां को लखनऊ पुलिस ने धोखाबाजी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आपको बता दें अल्लू मियां गांधी परिवार के बेहद करीबी कहे जाने वालों में से एक है। गांध ी परिवार से उनका बहुत पुराना नाता बताया जाता है। दरअसल अमेठी की राजनीति में कांग्रेस की ओर से मैदान संभालने और काफी सक्रीय कहे जाने वाले अल्लू मियां को लखनऊ में जमीन कब्जा करने, जालसाजी तथा



रंगदारी मांगने के आरोप में वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके इतिहास की बात करें तो यूपी के अमेठी जिले के निहालगढ़ गांव के निवासी हाजी मोहम्मद रफीक वारसी उर्फ अल्लू मियां का गांधी परिवार पुराना रिश्ता बताया जाता है। आपको बताते चलें कि, संजय गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से इनके अच्छे संबंध थे। बताया जाता है कि सोनिया गांधी को वह भाभी के रिश्ते का दर्जा दिया करते थे और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को बेटा व बेटी का दर्जा दिया करते थे। कांग्रेस पार्टी में अपनी अलग पहचान से अल्लू मियां जाने जाते है। इससे पहले भी राजस्थान में होने वाले चुनाव में कांग्रेस ने चुनाव प्रचार –प्रसार की जिम्मेदारी अल्लू मियां को सौंपी थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गांधी परिवार के बेहद करीबी माने जाने वाले हाजी मोहम्मद रफीक उर्फ अल्लू मियां की गिरफ्तारी से कांग्रेस को बेहद ही ज्यादा फर्क पड़ने वाला है क्योंकि हाजी मोहम्मद रफीक उर्फ अल्लू मियां भले ही कांग्रेस पार्टी में किसी खास ओहदे पर न रहें हो, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी में एक अच्छी छवि वाले नेता के रूप में अमेठी की जनता उन्हें देखती थी। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर संजय कुमार यादव ने बताया कि वैभव ने मंजू रावत से ४५०० वर्ग फुट जमीन खरीदी थी। साल २०१८ से अल्लू मियां और उसका बेटा इस जमीन पर वैभव को कब्जा नहीं लेने दे रहे थे। वह जैसे ही निर्माण शुरू कराते, कथित रूप से बेटे संग पहुंचकर अल्लू मियां मारपीट करते थे। इस मामले की थ्र्न गोमतीनगर थाने में दर्ज हुई तो अल्लू ने ममता आवासीय सहकारी समिति की तरफ से १६६० की गई रजिस्ट्री दिखाकर जमीन पर मालिकाना हक जताया। मीडिया की खबर के अनुसार, पुलिस ने मामले में जांच के बाद रजिस्ट्री की जांच की तो पता चला कि समिति के सचिव की फोटो लगाकर अल्लू ने अपनी पत्नी के नाम फर्जी रजिस्ट्री कराई थी। मामले पर दोरोगा का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ वरंट जारी हो चुका था।आपको बता दें कि साल २०२० में दर्ज हुआ था मुकदमा जानकारी मुताबिक अल्लू, उनकी पत्नी मेहरुन्निसा और बेटे आदिल रशीद के खिलाफ ८ मई २०२० को केस दर्ज किया गया था। कैसरबाग निवासी प्रपर्टी डीलर वैभव श्रीवास्तव ने यह रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

# दिल्ली वासियों को अयोध्या के मुफ्त दर्शन कराएगी केजरीवाल सरकार

अयोध्या (उत्तर प्रदेश)द्य दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अब दिल्ली वासियों को अयोध्या के भी निरूशुल्क दर्शन कराएगी। केजरीवाल ने मंगलवार को अयोध्या के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और राम जन्मभूमि स्थल जाकर



दर्शन किए। राम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, “दिल्ली में हम मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना संचालित कर रहे हैं। इसके तहत हम दिल्ली के लोगों को वैष्णो देवी, रामेश्वरम, द्वारकापुरी, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा और वृंदावन समेत विभिन्न तीर्थ स्थलों की निरूशुल्क यात्रा कराते हैं। अब हम दिल्ली वासियों को अयोध्या के भी मुफ्त दर्शन कराएंगे।” केजरीवाल ने कहा कि इस सिलसिले में बुधवार को दिल्ली सरकार की विशेष कैबिनेट बैठक होगी, जिसमें इस फैसले पर मुहर लगाई जाएगी। उन्होंने कहा, “अब दिल्ली के लोग भी राम जन्म भूमि अयोध्या के दर्शन कर सकेंगे। तीर्थ यात्रा योजना के तहत दिल्ली वासियों को वातानुकूलित रेलगाड़ियों से ले जाकर तीर्थ स्थलों पर वातानुकूलित होटलों में रखा जाता है। इसका पूरा खर्च दिल्ली सरकार उठाती है।” इस सवाल पर कि क्या उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया है, केजरीवाल ने कहा, “मैंने भी राम मंदिर के लिए चंदा दिया है लेकिन दान को हमेशा गोपनीय रखा जाना चाहिए।” केजरीवाल ने कहा, “मैंने भगवान राम से प्रार्थना की है कि देश के सभी लोग खुशहाल जिंदगी जियें, कोविड–१६ महामारी का अंत हो और आने वाले समय में देश में सही मायनों में विकास नजर आए। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे रामलला के आगे शीश नवाने का मौका मिला। मैं प्रार्थना करता हूं कि हर किसी को यह अवसर मिले।” केजरीवाल ने ट्विटर पर भी अपने अयोध्या दौरे और उस दौरान किए गए दर्शन का जिक्र किया। गौरतलब है कि केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया है। केजरीवाल ने सोमवार को सरयू नदी के तट पर आरती की थी और कहा था कि भगवान राम की जन्मभूमि पर आना सम्मान की बात है। आप ने पिछले महीने अयोध्या से ही अपनी विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। उस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी में पूजा अर्चना की थी। पार्टी ने अयोध्या के गांधी पार्क से अपनी तिरंगा यात्रा भी शुरू की थी। आप ने दिल्ली की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी सरकार बनने पर घरेलू उपभोक्ताओं को ३०० यूनिट मुफ्त बिजली देने, ३८ लाख परिवारों के बकाया बिजली बिल को माफ करने और राज्य में २४ घंटे बिजली देने का वादा किया है।

# लालू ने कांग्रेस के साथ तकरार के लिए ''छुटभैया'' नेताओं को जिम्मेदार ठहराया

पटना। बिहार में अपने कनिष्ठ गठबंधन सहयोगी कांग्रेस पर तीखे हमले के बाद राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि वह आज भी कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर एक विकल्प के रूप में मानते हैं। तीन साल बाद अपने गृह राज्य बिहार लौटे लालू ने मंगलवार को कहा कि वह आज भी कांग्रेस को ''राष्ट्रीय विकल्प'' के रूप में मानते हैं जिसकी देश को जरूरत है। उन्होंने हाल में कांग्रेस के साथ तकरार के लिए ''छुटभैया'' नेताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए इस बात को रेखांकित किया कि किसी ने भी इस दल की उतनी ''मदद'' नहीं की है और न ही ''बचाव'' किया है जितनी उन्होंने की है। राजद द्वारा तारापुर और कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का एकतरफा फैसला करने पर कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनाव में बिहार में अकेले उतरने का फैसला किया था, लालू ने इसे लेकर तीखे हमले किए थे। कई बीमारियों से पीड़ित लालू ने कहा कि वह बुधवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने अपने छोटे पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा इन विधानसभा क्षेत्रों में चलाए जा रहे प्रचार अभियान की तारीफ की और जदयू नेता नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधते हुए कहा, ''वैसे तो तेजस्वी यादव सभी जगह घूम ही रहे हैं। उखाड़ के वे ही फेंक चुके हैं, उनको। बाकी जो



बचा है उसका हम विसर्जन कर देंगे। हमारी पार्टी भारी मतों से जीतेगी।'' लालू ने दावा किया कि इन दोनों सीटों पर उनकी पार्टी की जीत के बाद सत्तारूढ़ राजग में भगदड़ मच जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत राजग गठबंधन ने पिछले साल विधानसभा चुनाव के नतीजों में हेरफेर कर सत्ता हासिल की थी। अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू पर निशाना साधते हुए लालू ने कहा कि उस व्यक्ति की कभी प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा थी। उनकी घटती लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा और (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी को सोचना चाहिए कि उनका क्या किया जाए। गौरतलब है कि जदयू इन दोनों सीटों पर पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में मिली जीत को बरकरार रखना चाहती है। लालू, जो सोनिया गांधी के साथ बेहतर समीकरण के लिए जाने जाते हैं, से कांग्रेस के साथ गतिरोध के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''कांग्रेस को कोई उतना नहीं जानता जितना मैं जानता हूं। किसी ने भी इसका उतना बचाव नहीं किया, जितना मैंने किया।'' बिहार के कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास की टिप्पणी पर हाल ही कड़ी प्रतिक्रिया देने वाले राजद सुप्रीमो ने कांग्रेस के बारे में मंगलवार को कहा, ''यह एक राष्ट्रीय पार्टी है जो स्पष्ट रूप से भाजपा का विकल्प है। यह छुटभैया हैं जो सब कुछ खराब कर रहे हैं।'' राजद सुप्रीमो ने कुछ दिनों पहले दास को ''भकचोंधर'' कहा था, जिसपर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार जैसे कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि ऐसे शब्दों का उपयोग करने के लिए उनके खिलाफ एससी– एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने ट्वीट किया, ''कांग्रेस में यदि हिम्मत है तो सोनिया गांधी पार्टी के दलित नेता भक्तचरण दास पर लालू प्रसाद की भद्दी टिप्पणी के बाद राजद से संबंध तोड़ने की घोषणा करे।

# दलित से कर लें शादी तो दिमाग हो जाएगा स्थिर : रामदास आठवले


लखनऊ। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले १८ दिसंबर को लखनऊ में रैली कर ताकत दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली में रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आरपीआइ) एक लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटाएगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के महामंत्री संगठन सुनील बंसल शामिल रहेंगे। वह रैली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी बुलाने का प्रयास करेंगे। रैली सफल होने के बाद आठवले भाजपा से प्रदेश में आठ से १० सीटों की मांग करेंगे।केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दलित लड़की से शादी करने की सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कांग्रेस यदि सचमुच धर्मनिरपेक्ष है और जाति व्यवस्था खत्म करना चाहती है तो राहुल को दलित लड़की से शादी करनी चाहिए। शादी करने से उनका दिमाग भी स्थिर हो जाएगा। इसके बाद वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ज्यादा हमलावर नहीं होंगे।लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि प्रदेश के दलित मतदाताओं को उनकी पार्टी से आस है। ब्राह्मण समाज को भी जोड़ने की उनकी पार्टी प्रयास कर रही है। इसी के तहत आरपीआइ ब्राह्मण सम्मेलन भी कर रही है। कृषि कानूनों पर उन्होंने कहा कि किसानों ने नरेन्द्र मोदी को पीएम बनाया वह भला उनके खिलाफ कानून क्यों बनाएंगे। तीनों कृषि कानून किसानों के फायदे के लिए हैं। इन्हें वापस नहीं लिया जा सकता। वापस लेने पर अन्य कानूनों को भी वापस लेने की मांग होती रहेगी। सरकार कृषि कानून में सुधार के लिए पूरी तर तैयार है।केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी जाति व धर्म के लोगों की मदद की है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में यूपी के २.७१ करोड़ लोगों को कर्ज दिया गया। उज्ज्वला योजना में १.४७ करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी दोनों में करीब ३२ लाख आवास दिए गए हैं। सरकार ने आयुष्मान योजना का भी लाभ बगैर भेदभाव के सभी को दिया है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने एक बार फिर समीर वानखेड़े का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। दलित समाज के सक्रिय अधिकारी वानखेड़े का समर्थन करने के बजाय महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक उन्हें इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि उनके दामाद के खिलाफ भी ड्रग के केस में कार्रवाई हुई थी। एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यदि आर्यन खान गलत पकड़े गए होते तो न्यायालय से अब तक जमानत मिल जाती। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नशा करने वालों को जेल नहीं बल्कि नशा मुक्ति केंद्र भेजा जाना चाहिए। उनके मंत्रालय ने एनडीपीएस अधिनियम की समीक्षा की है।

# सीओ के फॉलोवर ने मासूम बच्चियों से की छेड़छाड़

मेरठ। मेरठ में मवाना कस्बे के एक मोहल्ले में नाबालिग दो लड़कियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है। मोहल्ले के लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी दूसरे समुदाय से है और सीओ का फलोवर है। हिंदू संगठनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर हंगामा किया। पुलिस ने नाबालिगों को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। दरहसल ,मवाना सीओ के आवास पर तैनात रसोईया ने दो मासूम बच्चियों को अकेला पाकर देख अश्लील हरकत करते हुए नाजुक अंगों से छेड़छाड़ कर दी। बच्चियों के शोर मचाने के बाद आसपास मौजूद परिवार के सदस्यों ने दबोच लिया ओर थाने में लाकर पुलिस को सोंप दिया। पुलिस ने दोनों बच्चियों के ब्यान दर्ज कर लिये हैं। पीड़िता के पिता ने रसाईया के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मवाना कसबे के मोहल्ला हीरालाल निवासी व्यक्ति की बेटी घर पर टीवी देख रही थी। प्रतिदिन की भांति सीओ उदय प्रताप सिंह का रसोईया युसुफ सलमानी उनके घर दूध लेने पहुंचा तो दोनों मासूम बच्चियों को अकेला पाकर अश्लीलता के साथ नाजुक अंगों से छेड़छाड़ करने लगा। बच्चियों के शोर मचाने के बाद आसपास मौजूद परिवार के सदस्य दौड़ पड़े ओर सीओ के रसाईया को दबोच लिया ओर पुलिस को सोंप दिया। पीड़ित बच्चियों ने पुलिस को बताया कि पहले भी आरोपी रसोईया युसुफ सलमानी कई बार उनसे छेड़छाड़ कर चुका है। बच्चियों की मां नहीं होने पर वह रसोईया के जुल्म को सहती रही। हद पार होने पर पीड़ित बच्चियों ने पडोसी एक महिला को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जब सीओ उदय प्रताप सिंह के रसोईया से पूछताछ की तो उसने बच्चियो से छेड़छाड़ करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामला दर्ज कर , दोनों बच्चियों के ब्यान पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों लड़कियों के पिता द्वारा दी गई तहरीर मिल गई है। आरोपी सरकारी कर्मचारी है। इसलिए जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए महिलाएं रखती हैं अहोई माता का व्रत

मेरठ। अहोई अष्टमी कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है, इस साल यह पर्व २८ अक्टूबर को मनाया जाएगा। यह व्रत माताएं अपने बच्चों के



दीर्घायु के लिए रखती हैं। इस दिन माता अहोई, भगवान शंकर और माता पार्वती की विधि–विधान से पूजा करती हैं।, दिनभर माताएं निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को तारों को देखकर व्रत खोलती हैं। अहोई अष्टमी में माता पार्वती की अहोई माता के रुप में पूजा की जाती है। शाम के समय आकाश में तारे देखने और अर्घ्य देने के बाद महिलाएं व्रत पारण करती हैं। वहीं, बाजार में अहोई व्रत के लिए सजे हुए करवे बिक रहे हैं। मंगलवार को महिलाओं ने अहोई व्रत के लिए करवों की खरीदारी की। मान्यता है कि अहोई अष्टमी का व्रत संतान प्राप्ति, उसकी लंबी आयु और खुशहाली के लिए रखा जाता है। साथ ही माताएं अहोई देवी की पूजा करती हैं। कार्तिक मास के ष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को यह व्रत रखा जाता है। पी एल शर्मा रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित कैलाश दत्त ने बताया कि इस दिन भारतीय महिलाएं संतान प्राप्ति और संतान की समृद्धि के लिए व्रत करती हैं। रात में तारों को जल अर्पित करने के बाद व्रत खोलती हैं। मान्यता ये भी है कि इस दिन व्रत रखने से अहोई माता प्रसन्न होती हैं। पंडित कैलाश दत्त ने बताया कि प्रातः स्नान करके अहोई की पूजा का संकल्प लें। अहोई माता की ओंति, गेरू या लाल रंग से दीवार पर बनाएं। सूर्यास्त के बाद तारे निकलने पर पूजन आरम्भ करें। पूजा की सामग्री में एक चांदी या सफेद धातु की अहोई, चांदी की मोती की माला, जल से भरा हुआ कलश, दूध–भात, हलवा और पुष्प, दीप आदि रखें। पहले अहोई माता की रोली, पुष्प, दीप से पूजा करें और उन्हें दूध भात अर्पित करे। फिर अहोई की कथा सुनें। फिर रात में तारों को अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करें। इस बार अहोई अष्टमी का व्रत २८ अक्टूबर दिन गुरुवार को रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्य अलोक ने बताया कि अहोई अष्टमी पूजा का शुभ मुहूर्त शाम ५.३६ बजे से ६.५६ बजे तक रहेगा। जिसकी अवधि एक घंटा १७ मिनट

# हिंद–प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव के लिए दिन–प्रतिदिन प्रतिस्पर्धा देखने को मिली रही : नौसेना प्रमुख

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने बुधवार को कहा कि भारतीय नौसेना मित्र देशों को एक सुरक्षा भागीदार के रूप में उभरने और एक खुले तथा समावेशी हिंद–प्रशांत क्षेत्र के लिए वास्तविक योगदान देने के व्यापक उद्देश्य और समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में मदद के वास्ते ठोस समाधानों पर काम कर रही है। उन्होंने चीन का नाम लिए बगैर कुछ देशों के बारे में भी बात की, जो हिंद–प्रशांत क्षेत्र में वैश्विक वाणिज्य के मूल विचार में ''भूमि–केंद्रित'' क्षेत्रीय मानसिकता को लागू करने के साथ–साथ अधिक वर्चस्व और नियंत्रण चाहते थे और जिन्होंने वैश्विक नियमों के लिए चुनौतियां पैदा की हैं।एडमिरल सिंह ने एक संगोष्ठी में कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव जमाने के लिए ''दिन–प्रतिदिन'' प्रतिस्पर्धा देखने को मिली रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अधिक रचनात्मक और स्थिर भूमिका निभाने के अपने प्रयासों में कुछ तत्वों को प्राथमिकता दी है, जिसमें क्षेत्र में सामूहिक समुद्री क्षमता विकसित करने की दिशा में काम करना शामिल है। उन्होंने कहा, ''हमारी नौसेना का प्रयास आम चुनौतियों का सामना करने के लिए सामूहिक रूप से दक्षताओं का इस्तेमाल करने में मदद करना है। इसमें एक सहभागी, समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हमारी प्राथमिकता रही है।'' उन्होंने कहा कि दूसरा तत्व बाहर की ओर देखना और अपने जुड़ाव में महत्वाकांक्षी होना है, जबकि तीसरा तत्व विश्वास विकसित करने के लिए भागीदार देशों के साथ जुड़ना है। एडमिरल सिंह ने कहा कि अंतिम तत्व उन वास्तविक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना और उनकेठोस समाधानों के साथ क्षेत्रीय देशों की मदद करना है



जिनका सामना वह दिन–प्रतिदिन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''उदाहरण के लिए, हिंद महासागर क्षेत्र में द्वीप राष्ट्र हैं, उनकी अर्थव्यवस्था पर्यटन उन्मुख है। उनकी समस्याएं नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी की हैं।इसलिए, भारतीय नौसेना के रूप में, हम इन समस्याओं के अनुरूप समाधान विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं। भारतीय नौसेना मित्र देशों को एक सुरक्षा भागीदार के रूप में उभरने और एक खुले तथा समावेशी हिंद–प्रशांत क्षेत्र के लिए वास्तविक योगदान देने के व्यापक उद्देश्य और समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में मदद के वास्ते ठोस समाधानों पर काम कर रही है।'' नौसेना के शीर्ष कमांडर ने आगाह किया कि इस क्षेत्र में कोई भी प्रतिस्पर्धा अन्य सभी देशों को प्रभावित करेगी, न कि केवल दावेदारों को। उन्होंने उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए समान विचारधारा वाले देशों द्वारा व्यापक ष्टिकोण अपनाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र का भविष्य समान विचारधारा वाले देशों के सहयोगात्मक प्रयासों पर टिका है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सभी के लिए समृद्धि, सुरक्षा और विकास के उद्देश्य को केवल एक सहयोगी ष्टिकोण के तहत पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''आज हम जो देख रहे हैं, वह यह है कि कुछ देश वैश्विक वाणिज्य के मूल विचार में भूमि केंद्रित क्षेत्रीय मानसिकता को लागू कर रहे हैं और अधिक से अधिक वर्चस्व और नियंत्रण प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं जिससे वे अंतरराष्ट्रीय नियमों के समक्ष चुनौतियां पेश कर रहे हैं।'' गौरतलब है कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते विस्तारवादी रवैये पर वैश्विक चिंता बढ़ रही है जिसने कई देशों को चुनौती से निपटने के लिए रणनीति बनाने पर मजबूर किया है।

# उप्र विधानसभा चुनाव के लिए सपा और सुभासपा ने किया गठबंधन का ऐलान

मऊ (उत्तर प्रदेश)। समाजवादी पार्टी (सपा) और पूर्वांचल के राजभर मतदाताओं में दबदबा रखने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव गठबंधन कर लड़ने का बुधवार को औपचारिक ऐलान किया तथा राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में खदेड़ने का आह्वान किया। सुभासपा द्वारा अपने १९वें स्थापना दिवस के मौके पर यहां आयोजित वंचित पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक भागीदारी महापंचायत में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सुभासपा के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के खेला होबे के नारे की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खदेड़ा होवे का नारा दिया। महापंचायत के मुख्य अतिथि अखिलेश ने राज्य के दलितों, पिछड़ों, वंचितों तथा अन्य दबे–कुचले वर्गों का आह्वान किया कि अगला चुनाव उनके भविष्य का चुनाव है और इसमें भाजपा को सत्ता से खदेड़ना होगा। उन्होंने कहा कि अगर इस बार चूक गए तो पांच साल और पीछे चले जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनता को लूटने के सिवा और कोई काम नहीं किया और आज



हालत यह है कि दिल्ली में बैठे भाजपा के लोग लखनऊ वालों के लिए झूठ बोल रहे हैं तथा लखनऊ वाले दिल्ली वालों के लिए झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा जब सपा और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के लोग एक हो गए हैं तो हो सकता है कि जनता ४०० सीटों पर भी विजयी कर दे। भाजपा जिस दरवाजे से सत्ता में आई है उसे ओमप्रकाश राजभर ने बंद कर दिया है और हम दोनों ने मिलकर उस पर सिटकनी लगा दी है। वर्ष २०१७ का विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ी सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने इस मौके पर कहा कि बंगाल में खेला होबे का नारा लगा था और दीदी (ममता बनर्जी) ने ऐसा खेला किया कि भाजपा चारों खाने चित हो गई। अब उप्र में खदेड़ा होबे। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, भाजपा के जो भी नेता गांव में वोट मांगने आएं, उनसे कहें कि जाओ पहले महंगाई कम कराओ, तब वोट की बात करना। यह ओमप्रकाश राजभर और अखिलेश यादव की फौज है, इससे टकराने की हिम्मत मत करना। राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश से योगी आदित्यनाथ की विदाई होनी चाहिए और वर्ष २०२२ में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश में जातिवार जनगणना कराई जाएगी। कानून बनाकर गरीबों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों अखिलेश यादव और राजभर की लखनऊ में मुलाकात हुई थी। हालांकि दोनों ही पार्टियों ने गठबंधन को लेकर कोई पुष्टि नहीं की थी, लेकिन उसके बाद से इन दोनों दलों के बीच गठबंधन की अटकलें तेज हो गई थीं।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा सोनघ्यिा गांधी कब आई थी रायबरेली

रायबरेली। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने यहां कहा कि इस दीपावली पर दो दीया सैनिकों के नाम जलाएं। एक दीया शहीदों के नाम हो जबकि दूसरा उन जवानों के लिए जो सरहद पर देश की रक्षा के लिए खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री बुधवार को सलोन विधानसभा क्षेत्र के ममुनी गांव में आयोजित चौपाल में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि २०१६ के चुनाव में यही मुलाकात हुई थी। हमारा संकल्प था की आप लोगों के बीच आऊंगी, आई। काम कराने का वचन दिया था, कराया।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि २०१४ का चुनाव हारने के बाद भी काम किया। दो साल में विधानसभा, न्याय पंचायत स्तर पर जो काम किया, वह अलग। गांव में ६० लाख रुपये से खड़ंजा, हैण्डपम्प, सड़क आदि का निर्माण कराया। उन्होंने गांव में कहां से कहां तक क्या काम कराया, इसकी भी जानकारी दी। कहा, यह जानकारी इसलिए दे रही, क्योंकि मैं सिर्फ सांसद ही नहीं, दीदी भी हूं। आप लोग दीदी कहते हैं इसलिए जानकारी रखती हूं। अमेठी सांसद ने इशारों इशारों में रायबरेली सांसद सोनिया गांधी पर तंज भी कसा। कहा कि एक जनपद में सांसद दो हैं। हम सारा हिसाब दे रहे हैं, सामने वाली भी क्या यह बता पाएंगी की वे कहां कहां क्या काम करा सकीं। सवाल किया क्या वे आप लोगों के बीच आती हैं।स्मृति ने कहा कि आपने ऐसा जनप्रतिनिधि चुना जो आकर हिसाब दे सकती है। आगे भी आशीर्वाद बना रहे। इसी मंच से पूर्व सैनिकों, प्रधानों, आशा बहुओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि दीपावली पर जब दीप जलाएं एक वीर गति को प्राप्त सैनिक जबकि दूसरा उनके लिए जो सीमा पर दीप नहीं जला सकते, वे रक्षा में मुस्तैद हैं। केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि २६ अक्टूबर को गांव में प्रशासन की चौपाल लगेगी, जिसमें सभी तरह की समस्याओं का निदान होगा। इससे पहले मंत्री ने ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया और प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से बात की। इसके बाद ६ रई गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हो गईं।

# समीर वानखेड़े के धर्म को लेकर विवाद

मुंबई। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी के बाद छब्ब अधिकारी समीर वानखेड़े लगातार सुर्खियों में हैं। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक लगातार समीर वानखेड़े को लेकर अलग–अलग दावे कर रहे हैं। इन सबके बीच अब नवाब मालिक ने दवा कर दिया है कि समीर अधिकारी का जीवन फर्जीवाड़ों से भरा हुआ है। वहीं, अब समीर वानखेडे के धर्म को लेकर भी विवाद शुरू हो गया है। २००६ में समीर वानखेड़े की पहली शादी कराने वाले काजी ने दावा किया है कि एनसीबी अधिकारी एक मुस्लिम परिवार से संबंधित है अन्यथा उनका निकाह इस्लाम के अनुसार नहीं कराया जाता। आपको बता दें कि काजी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब महाराष्ट्र के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक ने उन पर कई आरोप लगाए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि वानखेड़े जन्म से मुस्लिम थे लेकिन जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न दस्तावेजों में उन्होंने फर्जीवाड़ा किया ताकि वह यह दिखा सके कि वह हिंदू अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं और आरक्षण के तहत यूपीएससी परीक्षा पास कर नौकरी मिल सके। एक निजी न्यूज चौनल से बातचीत करते हुए मौलाना मुजम्मिल अहमद ने कहा कि मैंने समीर वानखेडे और शबाना कुरेशी का निकाह कराया था। इसके साथ ही काजी ने दावा किया कि उनके पिता ने मुंबई के लोखंडवाला परिषद



इलाके में शादी कराने के लिए मुझसे संपर्क किया था। दूल्हे का नाम समीर दाऊद वानखेडे था और उसकी शादी शबाना कुरैशी से हो रही थी। उन्होंने कहा, अगर समीर वानखेड़े और उनके परिवार के सदस्य यह दावा कर रहे हैं कि वह जन्म से हिंदू हैं और उनके पिता भी हिंदू हैं, तो मैं कहूंगा कि यह गलत है। काजी के दावे पर जब समीर वानखेड़े से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्ष देश में अपनी मां की इच्छा को पूरा करना कोई अपराध नहीं है। मुझे देश के धर्मनिरपेक्षता पर गर्व है। मेरी मां मुस्लिम थीं और मेरे पिता हिंदू हैं। मैं उन दोनों से बहुत प्यार करता हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैंने कभी इस्लाम नहीं अपनाया और मैं हिंदू हूं। इस बीच, वानखेड़े के पिता ने अपने धर्म को लेकर एक बार फिर नवाब मलिक द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया। मलिक ने कहा था कि वानखेड़े सीनियर का वास्तविक नाम दाऊद वानखेड़े है न कि ज्ञानदेव वानखेड़े। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "मैं उर्दू नहीं समझता, इसलिए मुझे नहीं पता कि उनके दस्तावेजों (निकाहनामा) में मेरा नाम क्या लिखा था। वह (मेरी दिवंगत पत्नी) प्यार से मेरा नाम दाऊद कहती थी। लोग प्यार से एक–दूसरे को अलग–अलग नामों से पुकारते हैं।" उन्होंने कहा कि सभी सरकारी दस्तावेजों में उनका नाम ज्ञानदेव वानखेड़े है। उन्होंने कहा, जब राज्य सरकार ने मुझे भर्ती किया, तो उन्होंने कुछ सत्यापन भी किया ही होगा।

# आतंकवादियों और दंगाइयों के मुकदमे वापस लेने वाली सरकार दलितों को झूठे केस में फंसाती थी : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परोक्ष रूप से प्रदेश की पिछली सपा सरकार पर एक बार फिर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों और दंगाइयों के ऊपर से मुकदमा वापस लेने वाली सरकार दलितों पर झूठे केस दर्ज कर फंसाती थी । ऐसे लोग दलित समाज के कभी हितैषी नहीं हो सकते हैं। वहीं भाजपा सरकार में आज दलित समाज का कोई बालबांका भी नहीं कर सकता। सरकार बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं से समाज के हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला रही है। कोरोना कालखंड में हर व्यक्ति का जीवन बचाने का एक माडल खड़ा किया गया। मुख्यमंत्री योगी, बुधवार को महानगर के अलीगंज स्थित पंचायत सभागार में भाजपा के पाल और बघेल समाज के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दलित संत बाबा दुर्लभ दास को स्मरण कर श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने कहा कि आजादी के समय दो लोग थे, जो दलित समाज की आवाज बने थे। इनमें एक भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर और दूसरे आजादी के कालखंड में बंगाल में



पैदा हुए योगेन्द्र नाथ मंडल थ। विद्वता और सामाजिक आंदोलन में दोनों आगे बढ़ रहे थे। बाबा साहब सदैव देश की एकता, सुरक्षा और अखंडता के पक्षधर थे। उन्होंने कभी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। उनका मानना था कि देश में रहते हुए समाज के दबे–कुचलों और वंचितों की लड़ाई लड़ी जा सकती है। उनका हित सुरक्षित रखा जा सकता है। आजाद भारत के वह पहले कानून मंत्री बने। समाज में फैली सामाजिक बुराइयों की विपरीत परिस्थितियों में दलितों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी।संविधान निर्माण में उनकी अग्रणी भूमिका थी। आज देश उन्हें आदर और सम्मान के साथ याद करता है। वहीं योगेन्द्रनाथ मंडल पाकिस्तान के हिमायती थे। आजादी के बाद पाकिस्तान चले गये और वहाँ के पहले कानून मंत्री बने, लेकिन उनके सामने ही पाकिस्तान में जब हिन्दुओं और दलितों के कत्लेआम होने लगे तो भागकर हिन्दुस्तान चले आये। भारत में १९५० से लेकर १९६५ तक गुमनामी में निर्वासित जीवन बिताना पड़ा। आज उनका कोई नाम तक नहीं लेता है। मुख्यमंत्री योगी ने दलित समाज का आह्वान किया कि घर–घर जाकर लोगों को शासन की योजनाओं और नीतियों से अवगत कराएं कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के दलितों, वंचितों का विकास करती है। भाजपा में दलित समाज का कोई उत्पीड़न नहीं कर सकता है।

# एक लाख की नकदी और चेक ले उड़ा नौकर

लखनऊ। वजरीगंज कोतवाली में स्टेशनी व्यवसायी कृष्ण गोपाल रस्तोगी ने खदरा में रहने वाले नौकर अनुज के खिलाफ एक लाख रुपये और चेक हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि कृष्ण गोपाल का गुईन रोड पर व्यवसाय है। उन्होंने सोमवार को अनुज को एक लाख रुपये और चेक बैंक में जमा करने के लिए दी थी। अनुज न तो बैंक पहुंचा और न ही उसने रुपये जमा किए। तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं लगा।

# खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले टप्पेबाज उनके जेवर ले उड़े

लखनऊ। अरे माता जी आप ज्वैलरी कैसे पनहकर चल रही हैं। कुछ देर पहले ही एक महिला की हत्या करके बदमाशों ने उसके जेवर लूट लिए हैं। इसके बाद से जो महिलाएं जेवर पहनकर निकल रही हैं उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। अब आपका भी चालान कटेगा और जुर्माना वसूला जाएगा। विपुलखंड में मंगलवार को ललिता यादव को यह भय दिखाकर खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले टप्पेबाज उनके जेवर ले उड़े। पुलिस ने ललिता की तहरीर दो टप्पेबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर केके तिवारी ने बताया कि मंगलवार सुबह ललिता मार्निंग वाक के लिए निकली थीं। इस बीच एक सतसंग केंद्र के पास पहुंची। वहां पर बाइक सवार दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए उन्हें रोका दोनों ने कहा कि अरे माता जी कुछ देर पहले एक महिला की हत्या कर बदमाशों ने उसके जेवर लूट लिए। उसके बाद से इस मोहल्ले में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस सादे कपड़ों में गश्त कर रही है। अधिकारियों ने आदेश दिए हैं कि अब जो भी महिला जेवर पहने दिखे उसका चालान करके जुर्माना वसूला जाए। आपको भी जुर्माना देना पड़ेगा। वृद्धा ने कहा, मुझे जानकारी नहीं थी इस बार छोड़ दीजिए, लेकिन टप्पेबाज नहीं माने। टप्पेबाजों ने उन्हें जेवर उतार कर रखने को कहा। वृद्धा ने अपनी सोने की चेन और अंगूठी उतारी। बदमाशों ने उसे एक कागज की पुड़िया में रखा और घर पर जाकर खोलने को कहा। वृद्धा ने घर पर जाकर पुड़िया खोली तो उसमें कंकड़ मिले। इसके बाद ललिता ने बेटे अजीत और घर वालों को जानकारी दी। घरवाले मौके पर पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला। टप्पेबाज जेवर लेकर भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया कि अजीत की तहरीर पर अज्ञात टप्पेबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# दिसंबर में बजेगी विक्की कौशल और कैटरीना कैफ के घर शहनाई! शादी की तैयारी में जुटे लवबर्ड्स

मुम्बई। करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' के एक एपिसोड में विक्की कौशल के को लेकर कैटरीना कैफ ने कहा था कि विक्की के साथ ऑन–स्क्रीन उनकी जोड़ी अच्छी दिखेगी। इस कमेंट पर विक्की को शो में बेहोश



होने का नाटक करते देखा गया। दोनों की यह चिट–चौट काफी वायरल हुई। किसी ने नहीं सोचा था उस समय की दोनों की यह बातें सच भी होंगी क्योंकि सिनेमा की दुनिया में बहुत कम रिश्ते मुकाम पर पहुंच पाते हैं लेकिन तीन साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद अब कैटरीना कैफ और विक्की कौशल शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। **ETimes** के अनुसार १८ अगस्त को दोनों का रोका हुआ था। अब सूत्रों ने खुलासा किया है कि लवबर्ड्स अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। वे जल्दी शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। **ETimes** को पता चला है कि यह जोड़ी अपनी शादी की तैयारी में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार शादी के प्रोग्राम नवंबर से शुरू होगे जो दिसंबर तक चलेंगे अभी शादी डेट का खुलासा नहीं हुआ है। उनके शादी के कपड़े सब्यसाची द्वारा डिजाइन किए जा रहे हैं। वे फिलहाल उसी के लिए कपड़े चुनने की प्रक्रिया में हैं। कैटरीना ने अपने पहनावे के लिए एक कच्चा रेशम का लहंगा चुना है। जब से उनके रिश्ते की अफवाहें फैलने लगी हैं, तब से विक्की और कैटरीना इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने एक साथ छुट्टियों पर जाने के बावजूद साथ में तस्वीरें शेयर नहीं की। विक्की को अक्सर कटरीना के घर से आते–जाते भी देखा गया है। हाल ही में दोनों ने विक्की की 'सरदार उधम' की स्क्रीनिंग के बाद सार्वजनिक रूप से एक–दूसरे को गला कर अपने रिश्ते की घोषणा की।

# अनुभव सिन्हा की फिल्म भीड़ में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी भूमि पेडनेकर

मुंबई। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर फिल्म निर्माता अनुभव सिन्हा की अगली फिल्म 'भीड़' में अभिनेता राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म सामाजिक राजनीतिक पृष्ठभूमि पर होगी। इस फिल्म का निर्माण संयुक्त तौर



पर सिन्हा और भूषण कुमार कर रहे हैं, जो पहले भी सिन्हा की फिल्म 'थप्पड़' के निर्माण में शामिल थे। सिन्हा 'मुल्क', 'आर्टिकल १५'जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। निर्देशक ने कहा "" पेडनेकर 'भीड़'के किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं क्योंकि वह एक ऐसी महिला हैं जिनकी अपनी एक समझ है और यही गुण इस किरदार में चाहिए। उनसे बेहतर कलाकार इसके लिए नहीं मिल सकता।" पेडनेकर 'सांड की आंख', 'डली किट्टी और वो चमकते सितारे', जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वह सिन्हा के साथ इस फिल्म से जुड़ कर सम्मानित महसूस कर रही हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में होगी, जहां सिन्हा ने हाल में शूटिंग के लिए जगहों की पहचान की है।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक